# महिलाएं मानसिक रूप से सशक्त हों

**मेरठ।** महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर हुए संवाद में सीसीएसयू की प्रोवीसी प्रो.वाई विमला ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य बेहद जरूरी है। महिला को तनाव से दूर रहना चाहिए। स्वाति यादव ने कहा कि असामान्य घटनाओं से पैदा हुए मानसिक दबाव से डर, चिंता, नींद ना आना, दुखी होना, कार्य क्षमता का घटना जैसी समस्याएं आती हैं। प्रो.बिन्दु शर्मा ने विचार रखे।

# महिलाओं को मानसिक रूप से सशक्त होने की आवश्यकताः स्वाति यादव

( आज का बुलेटिन )
दिनेश गोयल बाबा

मेरठ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चल रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओँ के मानसिक स्वास्थ्य पर एक व्याख्यान एवं अंतः संवाद सत्र आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की प्रतिकुलपति प्रो वाई विमला महोदया ने की। डमदजंस भ्मंसजी डपेपवद प्दकपं एक गैरलाभकारी और गैर सरकारी संगठन है जिसका मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य और उससे सम्बंधित विभिन्न प्रकार की सांवेगिक व व्यवहारिक समस्याओं के प्रति लोगों को राष्टीय एवं विश्व स्तर पर शिक्षित एवं जागरूक करना



है। श्रीमती स्वाति यादव मेंटल हेल्थ मिशन की सदस्य मनोवैज्ञानिक ने महिलाओं की मानसिक स्वास्थ्य के प्रति उपचार हेतु उनका मार्गदर्शन किया। असामान्य पटनाओं की वजह से पैदा हुए मानसिक दबाव के परिणामस्वरूप एडजेस्टमेंट से सम्बंधित समस्याओं जैसे डर ,चिंता ,नींद ना आना ,दुखी होना ,कार्य क्षमता का घटना ,स्कूल परफोर्मेंस घटनाके पहलुओं पर जोर दिया। कहा कि महिलाओं को सबसे पहले मानसिक रूप से सशक्त होने की आवश्यकता है। क्योंकि संविधान में महिलाओं को समानता का अधिकार दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रति कुलपति प्रो0 वाई विमला ने कहा कि महिला को मानसिक रूप से स्वस्थ होना बहुत ही आवश्यक है। महिलाओं को तनाव से दूर रहना चाहिए। शिक्षा महिला को मानसिक रूप से स्वस्थ होने पर सबसे ज्यादा कारगर साबित होती है। महिलाओं को शिक्षा को महत्व देना चाहिए। किसी भी चीज की जानकारी होना मानसिक रूप से सशक्त बनाता है। प्रो0 बिन्दु शर्मा समन्वयक मिशन शक्ति ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम की जानकारी दी और सभी का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मेंटल हेल्थ ठीक रखें क्योंकि यदि कोई महिला मानसिक रूप से स्वस्थ है तो वह शारीरिक रूप से भी स्वस्थ्य होगी। इस अवसर पर भूमिका आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज दिल्ली, दीपिका, स्वाति, कोमल, सिमरन आदि मौजूद रही।

## महिलाओं को मानसिक रूप से सशक्त होने की आवश्यकताः स्वाति यादव

मेरठ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चल रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओंके मानसिक स्वास्थ्य पर एक व्याख्यान एवं अंतः संवाद सत्र आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की प्रतिकुलपति प्रो वाई विमला महोदया ने की। एक गैरलाभकारी और गैर सरकारी संगठन ह। जिसका मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य और उससे सम्बंधित विभिन्न प्रकार की सांवेगिक व व्यवहारिक समस्याओं के प्रति लोगों को राष्टीय एवं विश्व स्तर पर शिक्षित एवं जागरूक करना है। स्वाति यादव मेंटल हेल्थ मिशन की सदस्य मनोवैज्ञानिक ने महिलाओं की मानसिक स्वास्थ्य के प्रति उपचार हेतु उनका मार्गदर्शन किया। असामान्य घटनाओं की वजह से पैदा हुए मानसिक दबाव के परिणामस्वरूप एडजेस्टमेंट से सम्बंधित समस्याओं जैसे डर ,चिंता,नींद ना आना दुखी होना ,कार्य क्षमता का घटना ,स्कूल परफोर्मेंस घटनाके पहलुओं पर जोर दिया। कहा कि महिलाओं को सबसे पहले मानसिक रूप से सशक्त होने की आवश्यकता है। क्योंकि संविधान में महिलाओं को समानता का अधिकार दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रति कुलपति प्रो वाई विमला ने कहा कि महिला को मानसिक रूप से स्वस्थ होना बहुत ही आवश्यक है। महिलाओं को तनाव से दूर रहना चाहिए। शिक्षा महिला को मानसिक रूप से स्वस्थ होने पर सबसे ज्यादा कारगर साबित होती है।